QP CODE: 19103110

19103110

Reg No : .....

Name : .....

B.Sc.DEGREE (CBCS) EXAMINATION, NOVEMBER 2019

First Semester

(For B.Sc Model II Programmes)

Common Course II - HN1CCT04 - HINDI-POETRY AND ONE ACT PLAY

2017 Admission Onwards

C40E754D

Time: 3 Hours Maximum Marks :80

Part A

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. कबीर किस भक्ति शाखा के कवि है? कबीर को हज़ारी प्रसाद द्विवेदी ने क्या नाम दिया था ?
2. रहीम के किसी दो काव्य ग्रंथों के नाम लिखिए।
3. पंत का पूरा नाम क्या है ? वे किस काव्य धारा के कवि हैं ?
4. भगवत रावत सच्चे अर्थों मे सर्वहारा वर्ग के प्रतिनिधि कवि है' आलोचक ने ऐसा क्यों कहा ?
5. बेटियों को कागज़ की नाव से क्यों उपमित किया है?
6. बच्चे माँ से क्या प्रश्न पूछते है ?
7. आचार्य देवेंद्रनाथ शर्मा के साहित्य एवं भाषाविज्ञान संबंधी पुस्तकों के नाम लिखिए।
8. शाहजहाँ के आँसू' किस विधा की रचना है ? उसका मुख्य रस कौनसा है ?
9. जगदीश चन्द्र माथुर के दो एकांकियों के नाम लिखिए।
10. दस तस्वीरें किसकी रचना है ? इसकी खासियत क्या है ?
11. लक्ष्मी का स्वागत किस विधा की रचना है ? रचनाकार कौन है ?
12. स्वदेश दीपक की एक एकांकी का नाम लिखिए। उनकी एकांकी की विशेषता क्या है ?

(10×2=20)

Part B

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर लिखिए

13. राम नाम कै पटंतरे, देबे कौं कुछ नाहिं।
क्या लै गुरु संतोषिए, हौंस रही मन माँहि॥ सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

14. मां वह दिन कब आवेगा
जब मैं तेरी छवि देखूंगी/
जिसका यह प्रतिबिंब पड़ा है
जग के निर्मल दर्पण में। सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

15. वह सांस महान है जिसमें जनपद के दुख है - सप्रसंग व्याख्या लिखिए।

16. आज के बच्चों के सवालों का जवाब उनके माता-पिता के पास नहीं है क्यों ?

17. औरत के पाँवों में सिर्फ बन्धन है। क्यों ?

18. "अब जहाँपनाह कहकर मेरे मखौल मत उड़ाओ जो शाहजहाँ जहाँपनाह कहलाता था,वह मर गया? यह किसने किससे कहा? संदर्भ व्यक्त कीजिए।

19. जगदीश चन्द्र माथुर की रचना शैली की विशेषता क्या है ?

20. सुरेन्द्र का चरित्र चित्रण कीजिए।

21. चाँद का चरित्र चित्रण कीजिए।

(6×5=30)

Part C

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए

22. जो कुरुक्षेत्र पार करते हैं' कविता में कवि ने लोकजीवन का सुंदर चित्र खींचा है -अपना विचार प्रकट कीजिए।

23. नमन करुँ छोटी बेटियों का' कविता के आधार पर समकालीन समाज में औरत की स्थिति पर निबंध लिखिए।

24. शाहजहाँ के आँसू का संक्षिप्त परिचय कराइए ।

25. मकड़ी का जाला' अनुभूति की प्रामाणिकता और नव्यतर मंचीय कौशल के कारण एका अत्यंत महत्वपूर्ण एकाँकी बन गया है -समर्थन कीजिए।

(2×15=30)